an>

Title: Need to provide rail connectivity between Sambhal and Gajraula in Uttar Pradesh.

श्री सत्यपाल सिंह (सम्भल) ः मैं सरकार का ध्यान ऐतिहासिक नगर अपने लोक सभा क्षेत्र सम्भल की ओर आकृष्ट करा रहा हूँ जहाँ 68 तीर्थ हैं। उत्तर प्रदेश में सम्भल एक ऐसा जिला है जहाँ से आगे रेलवे लाइन न होने के कारण ट्रेन वापस आती है। मुरादाबाद से केवल एक पैसेंजर ट्रेन सम्भल जाती है। सम्भल से किसी भी ओर आगे लाइन नहीं है जिस कारण ट्रेन मुरादाबाद से जाती है और मुराबाद ही वापस आती है। इस कारण पूरे क्षेत्र के लोग रेल यात्रा से वंचित हैं और कारोबारी व्यक्ति भी अपना कारोबार नहीं कर पाते हैं जिसको सम्भल से गजरौला मेन लाइन से जोड़ा जाना आवश्यक है जिससे अन्य ट्रेनें भी सम्भल होकर गुजर सकती हैं और क्षेत्र के लोग उसमें यात्रा कर सकते हैं। अपने कारोबार के लिए भी बाहर आ-जा सकते हैं।

अतः रेल मंत्री से मेरा निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सम्भल के लोगों की भी चिंता करते हुए इस बजट में शामिल कर सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन यथाशीघ्र बनवाने की कृपा करें।